वीर अर्जुन (Veer Arjun)

दिनाँक (Dated): 03/10/2024	पृष्ठ सं० (Page No). 05	क्रम सं०(Serial No.) 5

दिल्ली में दो झपटमारों ने सीआईएसएफ कांस्टेबल पर किया हमला, एक गिरफ्तार

नई दिल्ली, (वीअ)। राष्ट्रीय राजधानी में अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के पास बुधवार को सुबह की सैर पर निकली सीआईएसएफ की महिला कांस्टेबल पर दो झपटमारों ने कथित तौर पर हमला किया। सीआईएसएफ के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कांस्टेबल सुप्रिया नायक (30) को मोटरसाइकिल सवार हमलावरों के साथ झड़प में चोटें आई हैं, लेकिन वह उनमें से एक को पकड़ने में सफल रहीं जिसे बाद में स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया।

उन्होंने बताया कि यह घटना सुबह करीब 7:45 बजे हुई जब सुप्रिया पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर इलाके में अपने घर के पास टहल रही थीं। अधिकारी के मुताबिक हमलावरों ने सुप्रिया पर पीछे से हमला किया और जब उन्होंने उसकी चेन छीनने की कोशिश की, तो सुप्रिया ने उनमें से एक को पकड़ लिया जबकि दूसरा भाग निकला।उन्होंने बताया कि कथित हमलावर को पुलिस के हवाले कर दिया गया है और महिला को नजदीकी अस्पताल भेजा गया है क्योंकि उसे मामूली चोटें आई हैं।

सुप्रिया 2017 में अर्धसैनिक बल में शामिल हुई थी और वह दिल्ली मेट्रो की सुरक्षा करने वाली सीआईएसएफ इकाई में तैनात है।

सीआईएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि सुप्रिया के साहसी कार्य की उनके अधिकारियों ने प्रशंसा की। सीआईएसएफ महानिदेशक (डीजी) ने भी उनकी प्रशंसा की है।